# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का पाँचवाँ दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न

दिनांक 19 जून 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के पंचकर्म ऑडिटोरियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के पाँचवें दिवस पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत माधवकर बैच के विद्यार्थियों द्वारा श्रीजन के नेतृत्व में एक प्रेरणादायक नाटक (स्किट) प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त सागरिका, अदिति मिश्रा, दीक्षिता, खुशी सोनी एवं प्रिंसी कुशवाहा द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। मेघा एवं अनुष्का द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। वहीं सौरभ तिवारी एवं उत्कर्ष सिंघल ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाया।

